O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test – II (Round – I) 2026 – 2027

Class - 10 MM-20

Subject- Hindi Time: 1 Hrs.

Name: _____ Roll No.:_____

प्र0 1निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(1X3+2X2=7)

एक दिन तने ने भी कहा था,
जड़?
जड़ तो जड़ ही है,
जीवन से सदा डरी रही है,
और यही है उसका सारा इतिहास
कि जमीन में मुँह गड़ाए पड़ी रही है;
लेकिन मैं ज़मीन से ऊपर उठा,
बाहर निकला, बढ़ा हूँ
इसी से तो तना हूँ
एक दिन डालों ने भी कहा था
तना?
किस बात पर है तना?
जहाँ बिठाल दिया गया था वहीं पर है बना,
प्रगतिशील जगती में तिल भर नहीं डोला है,
खाया है, मोटाया है, सहलाया चोला है,
लेकिन हम तने से फूटीं,
दिशा–दिशा में गईं
ऊपर उठीं, नीचे आईं,
हर हवा के लिए ढोल बनीं,
लहराईं इसी से तो डाल कहलाईं
एक दिन पत्तियों ने भी कहा था,
डाल?
डाल में क्या है कमाल?
माना वह झूमी है, झुकी, डोली है
ध्वनि प्रधान दुनिया में
एक शब्द भी वह कभी बोली है?
लेकिन हम हर–हर स्वर करती हैं,
मर्मर स्वर मर्म भरा भरती हैं
नूतन हर वर्ष हुई,
पतझर में झर
बहार–फूट फिर छहरती है,
विथकित–चित्त पंथी का
शाप–ताप हरती हैं।

I इस कविता के केंद्रीय भाव हेतु दिए गए कथनों को पढ़कर सही विकल्प चुनिए

(i) जड़ें सदैव जमीन के ऊपर रहती हैं।

(ii) मनुष्य सदैव अपनी ही उन्नति के मार्ग पर अग्रसर रहता है।

(iii) उन्नति के मार्ग में अनेक लोग आते हैं।

(iv) सफलता के लिए सहभागिता की आवश्यकता होती है।

कूट विकल्प –

(क) कथन (i) सही हैं। (ख) कथन (i) और (ii) सही हैं।

(ग) कथन (ii), (iii) और (iv) सही हैं। (घ) कथन (i), (ii), (iii) और (iv) सही हैं।

II 'लेकिन हम हर–हर स्वर करती हैं'– का अर्थ है कि

(क) हवा चलने पर पत्तियाँ हिलती हैं (ख) हवा से ध्वनि उत्पन्न होती है

(ग) पत्तियाँ हिलने से 'हर' की ध्वनि उत्पन्न होती है (घ) पत्तियाँ एक शब्द भी नहीं बोलती

III काव्यांश से प्राप्त हो रहे संदेश के आधार पर काव्यांश की पंक्तियों का मिलान कीजिए और इसी आधार पर सही विकल्प चुनिए–

(i) अहंकार का संदेश	**(अ) नूतन हर वर्ष हुई, पतझर में झर**
(ii) चारों तरफ फैलने का संदेश	**(ब) लेकिन मैं जमीन से ऊपर उठा, बाहर निकला, बढ़ा हूँ**
(iii) नवजागरण का संदेश	**(स) दिशा–दिशा में गईं, ऊपर उठीं, नीचे आईं**

कूट विकल्प –

(क) i–स, ii–अ, iii–ब (ख) i–ब, ii–स, iii–अ

(ग) i–अ, ii–ब, iii–स (घ) i–ब, ii–अ, iii–स

IV प्रस्तुत कविता में पत्तियाँ, डाल को उसकी किस कमी के बारे में बता रही हैं और कौन झूमती हुई सभी दिशाओं में घूमती रहती है?

V तने ने जड़ को निर्जीव क्यों कहा ?

प्र0 2 'वाक्य भेद' पर आधारित किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (1X4 = 4)

I वसंत आया और वृक्ष हरे–भरे होने लगे। **(सरल वाक्य में बदलिए।)**

II शाम होते ही तारे चमकने लगे। **(संयुक्त वाक्य में बदलिए।)**

III कुशल कारीगर से ही काम करवाना। **(मिश्र वाक्य में बदलिए।)**

IV जो गुणी होते हैं, उन्हें सभी चाहते हैं। **(वाक्य भेद पहचान कर लिखिए।)**

V <u>यदि मैंने पूर्ण प्रयास किया होता</u> तो अवश्य सफलता मिल जाती। **(रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए।)**

प्र0 3 नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर 40 से 60 शब्दों में लिखिए– (2X3 = 6)

I परशुराम ने किसकी तुलना सहस्त्रबाहु से की और क्यों ?

II परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष टूट जाने के लिए कौन–कौन से तर्क दिए ?

III 'बालगोबिन भगत' पाठ में किन सामाजिक रूढ़ियों पर प्रहार किया गया है ? अपने शब्दों में लिखिए।

IV 'बालगोबिन भगत' पाठ के आधार पर ग्रामीण जीवन की सजीव झाँकी प्रस्तुत कीजिए।

प्र0 4 नीचे दिए गए प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखिए– (3X1 = 3)

I "हिरोशिमा पर लिखी कविता लेखक के अंतः एवं बाह्य दोनों दबाव का परिणाम है।" कैसे ?

II एक संवेदनशील युवा की हैसियत से विज्ञान का दुरुपयोग रोकने में आपकी क्या भूमिका हो सकती है ?